# WOMEN HARASSMENT REDRESSAL CELL

(COMPLAINTS COMMITTEE AGAINST SEXUAL HARASSMENT AGAINST WOMEN AT WORK PLACE , CCSHW)

## INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA

## RAIPUR (C.G.) 492012

**Dr. (Smt. Diptimayee Dash)**
Professor & Chairperson (CCSHW)
Mobile:- 9893786084
E-Mail:- ccshwigkv@gmail.com

No./IGKV/CCSHW/2026/ Date: 08.07.2026

**To**

**The Registrar**
**IGKV, Raipur**

Sub.: Submission of Annual Report of CCSHW (2025-2026)

**Respected Sir,**

Please find enclosed herewith Annual Report (2025-2026) of the Complaints Committee Against Sexual Harassment of Women at Workplace (CCSHW), for your kind perusal.

**With Best Wishes**

**(Diptimayee Dash)**
**Professor & Chairman,CCSHW**
**IGKV**

No./IGKV/CCSHW/2026/25 Date: 08.07.2026

Copy to

1. The Dean Students Welfare, IGKV, Raipur
2. The Dean, College of Agriculture, Raipur
3. PA to Hon'ble Vice Chancellor, IGKV, Raipur
4. Server In-charge [For uploading to the university website]

08-07-2026

**(Diptimayee Dash)**
**Professor & Chairman,CCSHW**
**IGKV**

Scanned with OKEN Scanner

महिलाओ के कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न शिकायत समिति
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़)

# COMPLAINTS COMMITTEE AGAINST SEXUAL HARASSMENT OF WOMEN AT WORK PLACE (CCSHW)

## INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर
कृषि जीवनस्य आधारम्
1987
INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA, RAIPUR

## INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA, RAIPUR (C.G.) 492012

Scanned with OKEN Scanner

**Name of Chairman, CCSHW, IGKV, Raipur: Dr.(Smt.) Diptimayee Dash**

**1. Number of Sexual Harassment Complaints Registered in this Annual Year 2025-2026: NIL**

**2. Number of Sexual Harassment Complaints Redressed in this Annual Year 2025-2026: NIL**

**3. Number of Sexual Harassment Complaints under Trial in this Annual Year 2025-2026: NIL**

**4. Average Days Required to Redress Complaints of Sexual Harassment: Not applicable**

**5. Number of Activities Conducted to Create Awareness about POSH Act: 03**

**6. Explain Brief of Activities Date Wise**

Date: **18/11/2025,** Activity: Awareness Programme at Seminar hall, CoA, Raipur through PPT presentation, Attendee: 150 students & staff as off line and 50 participants as on-line.

Date: **16/12/2025,** Activity: Awareness Programme at CARS Rajnandgaon organised by CARS Rajnandgaon, Attendee: 200 Faculty staff, daily wages staff, student, etc.

Date: **25/03/2026,** Activity: Awareness program with Guests – "Udaan: Jagrukata se Shashaktikaran " in Vivekanand Auditorium, IGKV, Raipur Attendee: 350 Faculty staff, karmachari, daily wages and students

**We declare that the above information given in the report is true and best of our knowledge.**
**Signature of CCSHW Chairman and Two Members**

1) CCSHW Member Details

Name of Member: Dr. Anuu Verma

Signature: [signature]

Date: 10/06/26

Place: CoA, Raipur.

2) CCSHW Member Details

Name of Member: Dr. Jyoti Bhatt

Signature: [signature]

Date: 10-6-26

Place: Raipur.

3) Chairman. CCSHW , IGKV, Raipur

Name: Dr. Diptimayee Dash

Signature: [signature]

Date: 10/06/2026

Place: Raipur

Scanned with OKEN Scanner

# महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोश्ठ (CCSHW)

## शिकायत समिति (CCSHW)

कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण हेतु गठित शिकायत समिति **(CCSHW)** का मुख्य उद्देश्य एक सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समान कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। यह समिति POSH Act, 2013 के अंतर्गत कार्य करती है तथा महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है।

## वर्ष के दौरान की गई प्रमुख गतिविधियाँ

**समिति की बैठक :** समिति द्वारा नियमित बैठक आयोजित की गई। कार्यस्थल पर शिकायतों के सुगम निवारण हेतु एक आधिकारिक ईमेल आईडी (ccshwigkv@gmail-com) का निर्माण किया गया, जिससे शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया अधिक सरल एवं पारदर्शी_बन सके।

## समिति के सदस्य

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. श्रीमती दीप्तिमयी दास | अध्यक्ष | 8 | डॉ. श्रीमती एलिस तिर्कि | सदस्य |
| 2 | डॉ. दीपक कुमार चन्द्राकर | सदस्य | 9 | डॉ. श्रीमती प्रभारानी चौधरी | सदस्य |
| 3 | डॉ. विजय सोनी | सदस्य | 10 | डॉ. विद्याभुशण कुरूवंशी | सदस्य |
| 4 | डॉ. श्रीमती नीता खरे | सदस्य | 11 | डॉ. श्रीमती भाुभा बेनर्जी | सदस्य |
| 5 | डॉ. हुलास पाठक | सदस्य | 12 | श्रीमती पुश्पा साहू | सदस्य |
| 6 | डॉ. श्रीमती अंबिका टंडन | सदस्य | 13 | श्रीमती वत्सला नायर | सदस्य |
| 7 | डॉ. श्रीमती अन्नु वर्मा | सदस्य | 14 | डॉ. श्रीमती ज्योती भटट् | सदस्य सचिव |

## समिति के उद्देश्य

1. कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
2. यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायतों का निवारण
3. जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन।
4. गोपनीयता बनाए रखते हुए निष्पक्ष जांच करना

Scanned with OKEN Scanner

## वर्ष 2025–26 के दौरान की गई प्रमुख गतिविधियाँ

### • जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 18 नवम्बर 2025 को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि माननीय अधिश्ठाता छात्र कल्याण, रायपुर एवं अधिश्ठाता, कृषि महाविद्यालय, रायपुर की विशेष उपस्थिति रही.

कार्यक्रम में अध्यक्ष, CCSHW समिति, सचिव CCSHW समिति एवं सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ :–

अध्यक्ष डॉ. दिप्तिमयी दास द्वारा पावरपॉइंट की प्रस्तुति के माध्यम से CCSHW समिति एवं POSH Act, 2013 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकार, शिकायत प्रक्रिया एवं सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन डॉ. ज्योती भटट् द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर केन्द्र के बाहर के सदस्य भी ऑनलाईन माध्यम से जुड़े थे।













Scanned with OKEN Scanner

## • एक अन्य जागरूकता कार्यशाला – कृषि महाविद्यालय, राजनांदगांव

**An awareness program organised by CARSJ Rajnandgaon on 16/12/2025**

कृषि महाविद्यालय, राजनांदगांव द्वारा **POSH Act, 2013** के अंतर्गत जागरूकता फैलाने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में **CCSHW, IGKV** की अध्यक्ष को पावरपॉइंट प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में माननीय अधिश्ठाता, राजनांदगांव एवं महाविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

**कार्यक्रम का उद्देश्य :–कार्यस्थल एवं शैक्षणिक परिसर को सुरक्षित एवं संवेदनशील बनाना।**

अध्यक्ष, CCSHW,IGKV डॉ. दिप्तिमयी दास द्वारा विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से निम्न विषयों पर प्रकाश डाला गयाः–

1. कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न )Workplace Harassment) की परिभाषा
2. किन–किन प्रकार के व्यवहार यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आते हैं
3. शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया
4. समिति द्वारा की जाने वाली कार्यवाही एवं दंडात्मक प्रावधान

यह कार्यशाला अत्यंत ज्ञानवर्धक रही तथा प्रतिभागियों में POSH Act के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई।



Scanned with OKEN Scanner

## विशेष कार्यक्रम – "उड़ान जागरूकता से सशक्तिकरण"
## (25 मार्च 2026)

दिनांक 25 मार्च 2026 को **"उड़ान जागरूकता से सशक्तिकरण"** विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **मुख्य अतिथि** : श्रीमती मीनल चौबे, महापौर, रायपुर नगर निगम, डॉ. गिरिश चंदेल, माननीय कुलपति, इं.गां.कृ.वि., रायपुर, डॉ. संजय भार्मा, अधिश्ठाता छात्र कल्याण, इं.गां.कृ.वि., रायपुर, डॉ. आरती गुहे, अधिश्ठाता, कृशि महाविद्यालय, रायपुर
- **विशिष्ट आमंत्रित विशेषज्ञ** : महिला विधिक विशेषज्ञ )Legal Expert), मनोवैज्ञानिक )Psychologist), योग प्रशिक्षक )Yoga Trainer)
- **कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ:–**

महिलाओं के अधिकार, कानूनी सहायता, मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिभागियों को POSH Act, 2013 के विभिन्न पहलुओं के प्रति जागरूक किया गया। इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा एवं प्रतिभागियों द्वारा सराहा गया। समिति द्वारा आयोजित बैठकों एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई है। इस वर्ष कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। CCSHW भविष्य में भी इसी प्रकार के प्रयास निरंतर जारी रखेगी।




Scanned with OKEN Scanner







TheHitavada
Raipur City Line | 2026-03-26 | Page 8
ehitavada.com

## 'Awareness key to women empowerment'

RAIPUR, Mar 25

AWARENESS is the foundation of genuine empowerment, Raipur Mayor Meenal Choubey said on Tuesday.

Addressing a one-day workshop titled "Udaan: Awareness to Empowerment" at Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya (IGKV), she said Indian traditions have long placed women at the centre of cultural and spiritual life, yet modern society must ensure this respect translates into equal opportunity and security. The workshop was organised jointly by the Dean of Student Welfare and the Women Harassment Prevention Cell of the university. Vice-Chancellor Dr Girish Chandel, who presided over the programme, observed that women today are consistently outperforming in academic and competitive examinations, reflecting a broader shift towards equality. Dr Chandel emphasised that sustained institutional efforts have ensured a safe and supportive campus environment for women. Assistant Commissioner of Police Ruchi Verma elaborated on provisions under BNS relating to women's safety. Nutrition and yoga expert Nalini Sharma discussed the importance of balanced diet and physical well-being, while also demonstrating practical yoga and breathing techniques. Adding a psychological perspective, Dr Roli Tiwari spoke on mental health and emotional resilience.

Earlier, Dr Deeptimayi Das outlined the objectives of the workshop, while Dr Sanjay Sharma appreciated ongoing initiatives, noting that no incidents of gender harassment have been reported in recent years. The programme concluded with a vote of thanks by Dr Jyoti Bhatt.


Participants at gender awareness workshop in IGKV







नवभारत
Rajdhani - 26 Mar 2026 - 26rd3
epaper.navabharat.news

कार्यशाला — कृषि विवि में लैंगिक समानता एवं सुरक्षा पर कार्यशाला, जागरूकता से ही संभव है नारी शक्तीकरण: महापौर

## लैंगिक भेदभाव एवं उत्पीड़न से रक्षा के बताए उपाय

नवभारत रिपोर्टर। रायपुर।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में लैंगिक समानता एवं सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा लैंगिक भेदभाव एवं उत्पीड़न से रक्षा के उपाय बताए गए। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि स्त्रियां किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं। बस उन्हें अपना आत्मविश्वास बनाए रखना होगा और अपना सामर्थ्य दुनिया को दिखाना होगा।

कृषि विवि में आयोजित कार्यशाला का विषय उड़ान: जागरूकता से सशक्तिकरण था। महापौर मीनल चौबे मुख्य अतिथि थीं। अध्यक्षता कृषि विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। महापौर ने कहा कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं और वाङ्मय में स्त्रियों को विशिष्ट स्थान प्रदान किया गया है। नवरात्रि पर्व में नौ दिनों तक नव दुर्गा के रूप में नारी शक्ति की पूजा की जाती है। स्त्रियां वह हर काम कर सकती हैं जो पुरुष कर सकते हैं। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा तथा लैंगिक असमानता, भेदभाव और उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज बुलंद करनी होगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक पुलिस कमिश्नर रुचि वर्मा ने भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं की सुरक्षा, समानता तथा लैंगिक भेदभाव एवं उत्पीड़न हेतु किए गए प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आहार एवं योग विशेषज्ञ नलिनी शर्मा ने महिलाओं को स्वास्थ्य रक्षा एवं आहार की गुणवत्ता के बारे में बताया। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए सामान्य योगासन, प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम का जीवंत प्रदर्शन किया। डॉ. रोली तिवारी प्राध्यापक शिक्षा मनोविज्ञान विभाग रविवि ने महिलाओं की मनोवैज्ञानिक स्थिति, मानसिक स्वास्थ्य तथा मानसिक सशक्तिकरण पर उपयोगी जानकारी प्रदान की। महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. दीप्तिमयी दास ने विश्वविद्यालय में महिलाओं की लैंगिक समानता तथा महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि विवि में महिला समानता एवं सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप विगत कुछ वर्षों में विश्वविद्यालय में लैंगिक उत्पीड़न का कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया है। कृषि महाविद्यालय रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।



### कृषि विवि में बालक-बालिका की संख्या लगभग बराबर: कुलपति

कार्यशाला में कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं। विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं की संख्या बालकों की संख्या के लगभग बराबर है। इसी तरह आज बड़ी संख्या में महिला प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक भी कार्यरत हैं।

## BUDGET 2025-26:

| Session | Allotment Amount Rs. | Total Expenses Rs. | Balance Rs. |
|---|---|---|---|
| 2025-26 | 100000/- | 99983/- | 17/- |

Scanned with OKEN Scanner